दिनांक : 12.09.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लेंगे हिस्सा।
- मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहना योजना के तहत अगली किस्त करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री ने कहा-धार जिले में पीएम मित्रा पार्क से क्षेत्र में विकास का आएगा नया दौर।
- एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बांग्लादेश ने हांगकांग को हराया। आज पाकिस्तान और ओमान की बीच होगा मैच।

पीएम-ज्ञान भारतम्

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। वे पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुँच में तेज़ी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ज्ञान भारतम् पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल “पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुनः प्राप्त करना“ विषय पर शुरू हुआ। इसमें दुर्लभ पांडुलिपियों की एक प्रदर्शनी और पांडुलिपि संरक्षण, डिजिटलीकरण तकनीक, मेटाडेटा मानक और प्राचीन लिपियों के अर्थ-निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विद्वानों की प्रस्तुतियाँ भी शामिल हैं।

लाड़ली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के पेटलावद से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 1541 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 53.48 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 320.89 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे। साथ ही 31 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के खातों में 450 रूपये गैस रिफिल की 48 करोड़ से अधिक की राशि का भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री झाबुआ जिले के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री नई दिल्ली

मुख्यंमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली में नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से भेंटकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए उपराष्ट्रपति का कार्यकाल संसदीय लोकतंत्र को नए आयाम प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन से भी मुलाकात की। उन्होंने मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भी नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की।

शिवराज-सतना

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं, केंद्र सरकार की तरफ से पूरी कोशिश की जा रही है कि किसानों तक खाद और यूरिया पर्याप्त मात्रा में पहुंचे। कल सतना के दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने मीडिया के साथ चर्चा में कहा कि फर्टिलाइज़र मिनिस्ट्री राज्य की डिमांड के आधार पर निरंतर फर्टिलाइज़र की आपूर्ति कर रही है। सतना ज़िले में पिछले साल इस समय तक यूरिया की 23,585 मीट्रिक टन खपत हुई थी, इस बार 27 हज़ार 700 मीट्रिक टन अभी सतना ज़िले में यूरिया आ चुका है। उन्होंने एक्सिलेंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री कहा कि एक देश एक चुनाव कई फायदे हैं। इससे समय और धन की बचत होती है।

पन्ना जीएसटी

जीएसटी में किए गए सुधारों का देश भर में स्वागत किया जा रहा है। पन्ना जिले मे व्यापारियों ने सरकार द्वारा लाये गए नये जीएसटी नियमों पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने नये कर सेवा प्रणाली को एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया है। उनका कहना है कि हर वर्ग के लिए इसमें प्रावधान किए गए हैं। कैट पन्ना के जिलाध्यक्ष मनोज केशरवानी का कहना है कि इससे घर में काम आने वाले समान सस्ता होगा।

पीएम मित्रा पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कल धार जिले के ग्राम भैंसोला में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, चेतन्य कश्यप, सुश्री निर्मला भूरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का ग्राम भैंसोला में प्रस्तावित आगमन अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, पीएम मित्रा पार्क के ज़रिए नया दौर आने वाला है, जिससे क्षेत्र के विकास में सकारात्मक बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री मंदसौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंदसौर में गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के चौथे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। यह रिट्रीट मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से विकसित किया गया है, जो लक्ज़री कैंपिंग, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम है। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के दौरान पर्यटक टेंट सिटी में हॉट-एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कायाकिंग और मोटर बोटिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।

सिंधिया अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री  ज्योतिरादित्य सिंधिया कल अशोकनगर के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने जिले में दो विद्युत सब स्टेशन का शिलान्यास किया तथा अशोकनगर कलेक्टर द्वारा नवाचार कर प्रारंभ की जा रही नवीन योजनाओं रेवा शक्ति, ह्दय अभियान एवं एकल सेवा पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि  जिला प्रशासन द्वारा नवाचार के रूप में  प्रारंभ की गई पहल देश के विकास के मार्ग को प्रशस्त करेगा। उन्होंने बताया कि अशोकनगर शहर में प्रवेश हेतु 5 द्वार बनाए जाएंगे।

मौसम

प्रदेश में तेज बारिश का दौर थम गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश मे कहीं भी भारी वर्षा दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग ने अनूपपुर, डिण्डोरी, मंडला,बालाघाट जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के कुछ शहरों में तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

क्रिकेट-एशिया कप

एशिया कप क्रिकेट में बांग्लादेश ने कल हांगकांग को सात विकेट से हरा दिया। यूएई में शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में जीत के लिए एक सौ 44 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 14 गेंद शेष रहते मुकाबला आसानी से जीत लिया। यह टी-ट्वेंटी मुकाबलों में बांग्लादेश की हांगकांग पर पहली जीत है। आज शाम दुबई में पाकिस्तान और ओमान के बीच मैच खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2006 बैच के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. सुदाम खाड़े ने इंदौर संभागायुक्त का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे आयुक्त जनसंपर्क और मध्यप्रदेश माध्यम के एमडी के पद पर पदस्थ थे।

- आगरमालवा जिले की नवागत कलेक्टर प्रीति यादव ने कल कार्यभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक की।
- मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले के एक जरूरतमंद मरीज को 40 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।
- नर्मदापुरम में जिला प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम और राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- डिंडौरी पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और मृत्युदर घटाने के उद्देश्य से 8 से 22 सितंबर तक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

-------

&&&&&&&